Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to provide adequate medical facilities to tackle Japanese Encephalitis disease in Muzaffarpur district and its adjoining areas in Bihar-laid.

श्री अजय निषाद (मुजफ्फरपुर): मेरे संसदीय क्षेत्र मुजफ्फरपुर शहर एवं आसपास के इलाकों में चमकी बुखार यानि जापानी बुखार से पिछले मई महीने से अब तक लगभग सैंकड़ों बच्चों की मौत हो चुकी है । पूरे इलाके में भय एवं आतंक का माहौल है । सरकार इसके रोकथाम की समुचित व्यवस्था कर रही है । इसके बावजूद भी हर रोज बच्चों की मृत्यु इस रोग से हो रही है । अस्पतालों में समुचित बेड एवं चिकित्सा व्यवस्था की कमी पूर्ण उपचार में आड़े आ रही है । यह बीमारी पिछले 10-15 सालों से है और प्रतिवर्ष अप्रैल से जून के महीने में यह भयंकर रूपधारण कर लेती है, जिससे सैंकड़ों मासूमों की जान जा चुकी है लेकिन अभी तक इस रोग का कोई स्थायी समाधान नहीं खोजा गया है ।

मैं सरकार का ध्यान इस गंभीर विषय की ओर आकृष्ट कर रहा हूं । साथ ही सरकार से मांग करना चाहूंगा कि इस रोग के रोकथाम के लिए उच्च स्तरीय विशेषज्ञों की टीम बनाकर इसका अनुसंधान किया जाये और मुजफ्फरपुर स्थित एसकेएमसीएच में स्थायी तौर पर अलग से वार्ड एवं बेड की व्यवस्था की जाये । साथ ही मुजफ्फरपुर शहर के आसपास के इलाकों में स्थापित प्राथमिकी स्वास्थ्य केन्द्रों में हर वर्ष अप्रैल से जून तक समुचित एवं शीघ्र इलाज के मद्देनजर विशेष चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाये ताकि इस बीमारी का शीघ्र समुचित उपचार हो सके और साथ ही साथ लोगों में जागरूकता अभियान चलाया जाये ताकि लोगों को इस रोग से स्थायी तौर पर निजात मिल सके ।